卐 श्री सद्गुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 114 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) | बुधवार | 31 जनवरी 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# हर वर्ग को उचित अवसर दे रही सरकार: राष्ट्रपति

## बजट सत्र के अभिभाषण में राष्ट्रपति ने गिनाई मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियां

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। अभिभाषण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के 10 साल के कामकाज का हिसाब-किताब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। हमारी सरकार ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के अपने कमिटमेंट को लगातार जारी रखा है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस नए संसद भवन में यह मेरा पहला संबोधन है। आजादी के अमृतकाल की शुरुआत में यह भव्य भवन बना है। यहां एक भारत श्रेष्ठ भारत की महक भी है। भारत की सभ्यता और संस्कृति की चेतना भी है। इसमें हमारी लोकतांत्रिक और संसदीय परंपराओं के सम्मान का प्रण भी है। यह हमारे संविधान के लागू होने का भी 75वां वर्ष है। इसी कालखंड में आजादी के 75 वर्ष का उत्सव, अमृत महोत्सव भी संपन्न हुआ है। देश ने अपने गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। 75 साल बाद युवा पीढ़ी ने फिर स्वतंत्रता



संग्राम के उस कालखंड को जिया। मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत, देश भर के हर गांव की मिट्टी के साथ अमृत कलश दिल्ली लाए गए। दो लाख से ज्यादा शिला फलकम स्थापित किए गए। तीन करोड़ से ज्यादा लोगों ने पंच प्राण की शपथ ली। 70 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बने। दुनिया में गंभीर संकटों के बीच भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। लगातार 2 क्वार्टर में भारत की विकास दर 7.5 फीसदी से ऊपर रही है। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। इसी संसद ने तीन तलाक के खिलाफ कड़ा कानून बनाया। सरकार ने वन रैंक वन पेंशन को भी लागू किया, जिसका इंतजार चार दशकों से था। ओरओपी लागू होने के बाद अबतक पूर्व सैनिकों को करीब एक लाख करोड़ मिल चुके हैं। भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है। हमने भारत को फ्रैजाइल (शेष पृष्ठ सात पर)

# मनीष कुमार उधम सिंहनगर के नये सीडीओ


## 6 आईएएस और 12 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

देहरादून। शासन ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए उधम सिंह नगर के तीन जिला स्तरीय अधिकारियों सहित प्रदेश भर में 6 आईएएस अधिकारियों और 12 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किये हैं। जानकारी के अनुसार शासन ने देर रात तक आईएएस और पीसीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। जिसमें उधम सिंह नगर में जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र काण्डपाल को अब हल्द्वानी में निदेशक सेवायोजन की कमान सौंपी गयी है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला अब उधम सिंह नगर में हरीश चन्द्र काण्डपाल की जगह लेकर जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद का दायित्व संभालेंगे। अब तक अपर सचिव गन्ना चीनी प्रबंधक निदेश उत्तराखण्ड शुगर फैडरेशन का काम देख रहे मेहरबान सिंह बिष्ट अब उत्तरकाशी के नये जिलाधिकारी होंगे। अपर सचिव श्रम, अपर सचिव कृषि एवं कृष्ण कल्याण का अतिरिक्त काम देख रही रवनीत चीमा अब अपर सचिव श्रम के साथ अपर सचिव पशुपालन एवं मत्स्य का काम देंखेंगे। उधम सिंह नगर के मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा को अब टिहरी गढ़वाल का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। इसके अलाव टिहरी के मुख्य विकास अधिकारी आईएएस मनीष कुमार को मुख्य विकास अधिकारी उधम सिंह नगर बनाया गया है। इनके अलावा पीसीएस अधिकारियों में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के सचिव मोहन सिंह बर्निया अब अपर आयुक्त आबकारी बनाये गये हैं। उपायुक्त गन्ना काशीपुर के साथ साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासएन एवं नजूल का अतिरक्त कार्यभार देख रहे पीसीएस जयभारत सिंह को अब संयुक्त मुख्य प्रशासक उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण देहरादून की कमान सौंपी गयी है। हल्द्वानी नगर निगम के नगर आयुक्त एवं जिला विकास प्रारिकधा के सचिव पंकज कुमार (शेष पृष्ठ 7 पर)

# कोहरे में आपस में भिड़े पांच वाहन, दो घायल

## बाईपास मार्ग पर देर रात हुआ हादसा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। बाईपास मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। कोहरे के कारण पांच वाहन आपस में टकरा गए। जिसमें दो लोग घायल हो गए। हादसा होते ही वहां चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को बाईपास से साइड में कर यातायात शुरू करवाया।घटना मंगलवार देर रात की है। हरिद्वार बाईपास पर ढंडेरी ख्वागजीपुर के सामने एक गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली खराब हो गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली को साइड में खड़ी कर सही करने लगा। रात में कोहरा अधिक होने के कारण एक कार सहित चार बड़े वाहन टैक्टर से टकरा गए। जिसमें कार और ट्रैक्टर चालक घायल हो गए। हादसे के बाद बाईपास पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को साइड में कर जाम खुलवाया। जबकि घायलों को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण हादसा हुआ है। घायलों का इलाज चल रह है।



# किच्छा में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। देर रात्रि बेनी मजार के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई । सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक देर रात्रि खुरपिया गेट पर एक्सीडेंट होने की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो खुरपिया गेट के सामने सड़क किनारे घायल पड़ा मिला । पुलिस ने सड़क पर पड़े व्यक्ति की जांच की तो उसकी जेब से आधार कार्ड के अनुसार व्यक्ति की शिनाख्त 45 वर्षीय जेठा पुत्र जितन निवासी गंगोली गडरिया बाग थाना किच्छा के रूप मे हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने उक्त को टक्कर मार दी और वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। घायल को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सी एच सी किच्छा लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के रिश्तेदार द्वारा मृतक की शिनाख्त जेठा पुत्र जितिन के रूप मे की गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

# 34 .23 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ड्रग तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग अलग स्थानों से तीन तस्रों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 34.23 ग्राम स्मैक बरामद की है। बता दें 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' मिशन- 2025 को साकार करने के लिए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु एसओजी एवं सभी थाना प्रभारियों को सघन चैकिंग अभियान चलाकर नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभारी कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। साथ ही जनपद स्तर पर गठित एएनटीएफ को भी सक्रिय रूप से कार्य कर नशा तस्करों



के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तलत एएनटीएफ प्रभारी, थानाध्यक्ष मुखानी व वनभूलपुरा के नेतृत्व में 3 अलग-अलग थाना क्षेत्रान्तर्गत नशा तस्करों के विरुद्ध धड़पकड़ की कार्यवाही करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कुल- 34.23 ग्राम स्मैक बरामद की है। उपनिरीक्षक बलवंत कंबोज प्रभारी जिला एएनटीएफ की टीम ने तीन पानी पंचमुखी मंदिर के पास कोतवाली हल्द्वानी से चैकिंग के दौरान पंकज नेगी पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी ढोला खेड़ा तीन पानी हल्द्वानी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 16.40 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह स्मैक गोला पार एक महिला से मिलती है जिससे मैं खरीद कर लाता है और तीन पानी व मंडी क्षेत्र में बेचता है। वहीं थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित टीम ने अनश उर्फ मिद्द पुत्र साबिर निवासी मलिक का बगीचा बनभूलपुरा जिला नैनीताल को 15.85 ग्राम स्मैक के साथ तीस फीटा रोड के आगे खाली प्लाट, मलिक का बगीचा थाना बनभूलपुरा से गिरफ्तार कर लिया। वहीं थानाध्यक्ष मुखानी प्रमोद पाठक के नेतृत्व में चौकी आम्रपाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान विजय कश्यप उर्फ गोलू पुत्र तुलाराम निवासी- जीवनपुरम, लालडॉट के कब्जे से 1.98 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# दबंगों ने घर का गेट तोड़ मां बेटे से की मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में कुछ दबंग लोगों द्वारा एक महिला के घर का गेट तोड़ने व मां पुत्र से मारपीट कर उन्हें धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसकी गली में चार परिवार रहते हैं जोकि आये दिन उसे गली से निकलने पर गाली गालोज व मार पीट करते रहते हैं। घर से निकलने पर रास्ते से जाने को मना करते हैं। उसका पुत्र घर के बाहर जाता हैं तो उस पर झुठे आरोप लगाकर मार पीट करते हैं ताकि हम (शेष पृष्ठ सात पर)

# ससुरालियों पर विवाहिता की हत्या का आरोप

## प्रदर्शन के साथ एसएसपी कार्यालय में सौंपा शिकायती पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दहेज लोभी ससुरालियों पर पुत्री की हत्या कर देने का आरोप लगाकर परिजनों ने एस एस पी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती पत्र सौंपा। परिजनों का कहना है कि उनकी पुत्री की शादी 3 दिसंबर 2015 को हिन्दू रीति रिवाजो के अनुसार सम्पन्न हुई थी। शादी मे सम्पूर्ण दान दहेज देकर विदा किया था। लेकिन सामान से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। उसको ससुराल वाले कम दहेज देने के ताने देते थे। उसका पति, ससुर, सास, नन्द, नंदोई, देवर इस शादी से खुश नही थे। पुत्री को आए दिन मारते पीटते थे। 26 जनवरी 2024 को रात पुत्री का फोन भाई के पास आया उसने कहा ससुराल वाले उसे दहेज के कारण मार पीट कर रहे है। कुछ देर बाद दामाद का फोन आया और उसने कहा कि लड़की को जसपुर लेकर आ रहा हूं। 27 जनवरी दोपहर दामाद ने फोन कर कहा कि तुम्हारी बहन फासी खा कर मर गई है। वहां आकर देखा(शेष पृष्ठ सात पर)



# घर में आग लगने से मचा हड़कंप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्रांतर्गत सुख सागर विहार कालोनी में शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस कर्मियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार सुख सागर विहार कालोनी निवासी मोहन चंद्र पाठक पुत्र पूरन चंद्र के आवास में अचानक आग भड़क उठी। घर में आग लगी देख परिजनों में हड़कंप मच गया। आग लगने से घर में लगा इन्वर्टर और बेट्रा पूरी तरह से जल कर नष्ट हो गया। पुलिस की मदद से समय पर आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा होने से बचा लिया गया।



# एक घंटे में पहुचें पिथौरागढ़ से देहरादून





## नैनी सैनी एयरपोर्ट से पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ पर सीएम ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया का आभार व्यक्त किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनी सैनी एयरपोर्ट से पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का आभार व्यक्त किया। इस हवाई सेवा के शुभारंभ के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री स्वयं भी हवाई जहाज में बैठकर देहरादून रवाना हुए। उन्होंने कहा कि पहले पिथौरागढ़ से देहरादून और दिल्ली जाने में 17 घंटे लगते थे वहीं अब ऑल वेदर रोड बनने से 11 घंटे लगते हैं। सीमांत जिले में हवाई सेवा प्रारंभ होने से 1 घंटे में देहरादून पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ओएलएस सर्वे कर लिया गया है। पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून-अल्मोड़ा- पिथौरागढ़ के बीच हेली सेवा की शुरूआत की गई थी। इसे भी नियमित करने की सरकार की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आदिकैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद आदि कैलाश और जागेश्वर धाम में पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री उत्तराखण्ड के पर्यटक स्थलों को देश-विदेश में नई पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह हवाई सेवा जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेवा अभी सप्ताह में तीन दिन के लिए शुरू हुई है, बाद में इसे 05 दिन किया जाएगा। आगामी समय में पिथौरागढ़ से हिंडन के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री ने श्री सिंधिया से अनुरोध किया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गणेश भंडारी, सांसद श्री अजय टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक पिथौरागढ़ मयूख महर, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिलाधि कारी डॉ. एसके वरनवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

# उत्तराखंड में यूसीसी को लेकर लोगों तक सही जानकारी पहुंचाएं : धामी



देहरादून(उद संवाददाता) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार देवभूमि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की तैयारी में है। यूसीसी लागू करने के लिए प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में सरकार को आशीर्वाद दिया था। अब इसे लागू करने का वक्त आ गया है। यूसीसी के फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करना होगा। इसे लेकर किसी तरह की भ्रांतियां न फैले। इस बात का विशेष ध्यान रखना है और लोगों को सही जानकारी पहुंचानी है। मंगलवार को जीएमएस रोड स्थित होटल में भाजपा प्रदेश मीडिया कार्यशाला में सीएम ने कहा कि शीघ्र ही समिति यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंपेगी। विधानसभा चुनाव से पहले हमने प्रदेश की जनता से यूसीसी लागू करने का वादा किया था। इस पर जनता का आशीर्वाद मिला। यूसीसी के मुद्दे की विस्तृत जानकारी सभी माध्यमों से देनी है। साथ ही विपक्ष की ओर से फैलाई जा रही भ्रांति को भी दूर करना है। सीएम ने कहा, केंद्र से लेकर राज्य सरकार की प्रत्येक योजना के बारे में लोगोंको बताने मेंमीडिया की सशक्त भूमिका है।सरकार और जनता के बीच मीडिया की एक सेतु की भूमिका रहती है। सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय लिए हैं, जो विगत 23 वर्षोंमें नहीं लिए गए थे। हमने एक ओर जहां उत्तराखंड मेंदेश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया, वहीं धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया। पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कठोर कदम उठाए। इसके अलावा उत्तराखंड बनने के 23 वर्षों में पहली बार भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई। महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास का इंजन तेजी से दौड़ रहा है। भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता डबल इंजन की हैट्रिक बनाएगी। समय के साथ भाजपा ने भी सांगठनिक कार्यकलापों में बड़ा बदलाव किया है। इसका नतीजा है दुनिया की सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन बना है। भाजपा का स्वर्णिम काल अभी नहीं आया है। इसे लाने के लिए हम सभी को सहभागी बनना है। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में मीडिया की महत्ता और चुनौतियां बढ़ गई हैं। हमारे प्रशिक्षित और सक्रिय मीडिया विभाग, सोशल मीडिया और आईटी के सहयोगी संयुक्त रूप से बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष्ज्ञ महेंद्र भट्ट ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में होने वाली जीत में मीडिया का रोल सबसे अहम होने वाला है । विपक्ष लगातार मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से नकारात्मक प्रचार करने की रणनीति पर काम रहा है । लेकिन हमें उस नकारात्मकता को सकारात्मक जवाब के साथ आगे बढ़ाना है । राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि योजनाएं पहले की सरकारें भी चलाती थीं। लेकिन जनता को उसका लाभ मिले, इसको लेकर उनको कोई सरोकार नहीं रहता था, लेकिन आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने ये सुनिश्चित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ जनता को मिले।

# केंद्र सरकार को बनाना चाहिए यूसीसी का ड्राफ्ट: हरीश रावत

ऋषिकेश। उत्तराखंड की धामी सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट तैयार होने के बाद सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। यूसीसी को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने बड़ा बयान दिया।मीडिया से बातचीत के दौरान यूसीसी लगू करने के फैसले पर मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले तो ड्राफ्ट देखना पड़ेगा क्योंकि इन्होंने ड्राफ्ट अभी जारी ही नहीं किया। इसे केंद्र सरकार को बनाना चाहिए। कहा कि केवल चुनावी प्रचार है जिसके लिए राज्य का पैसा बर्बाद कराया गया है। यूसीसी ड्राफ्ट पर कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा, "पहले तो ड्राफ्ट देखना पड़ेगा क्योंकि इन्होंने ड्राफ्ट अभी जारी ही नहीं किया। यूसीसी का मतलब है कि जो सारे देश में लागू हो। जो पारित हो रहा है उसका क्या अर्थ है जो हमारे विधानसभा के सीमाओं के बाहर लागू ही नहीं होगा। इसे केंद्र सरकार को बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन के अनुरूप देवतुल्य जनता के समक्ष रखे गए संकल्प एवं उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विषेशज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। जिसे समिति 2 फरवरी, 2024 को प्रदेश सरकार को सौंपेगी। उत्तराखंड सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल छह फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा। विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले दो फरवरी को समिति यूसीसी का ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी। इसके अलावा राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बिल सदन में पेश किया जाएगा। विधानसभा सत्र पांच से आठ फरवरी तक आहूत किया जाएगा। सत्र के दौरान सरकारस की ओर से कई विधेयक और वार्षिक प्रत्यावेदन रिपोर्ट सदन पटल पर रखी जाएगी। इसमें सबसे महत्वपूर्ण यूसीसी विधेयक और राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का विधेयक है।




# रिश्वत लेते पकड़ा गया केलाखेड़ा थाने में तैनात दरोगा

केलाखेड़ा (उद संवाददाता)। विजिलेंस टीम ने एक बार फिश्र बड़ी कार्यवाही करते हुए केलाखेड़ा थाने में तैनात एक दरोगा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गणेशपुर निवासी एक व्यक्ति ने विजिलेंस के टोलफ्री नम्बर 1064 पर शिकायत दर्ज करायी कि उसका गणेशपुर में मकान बन रहा है जिसके लिए उसने अपने पड़ोसी से लाईट ले रखी थी, जिस कारण बिजली विभाग के जेई ने बिजली चोरी करने के आरोप में उसके विरूद्ध थाना केलाखेड़ा में शिकायत दर्ज करायी थी, जिस पर केलाखेड़ा में तैनात दरोगा मोहन सिंह बोहरा ने मुकदमा न लिखने के ऐवज में चार हजार रूपये रिश्वत की मांग की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सतर्कता अधिष्ठान नैनीताल ने प्रथम दृष्टया जांच में मामला सही पाये जाने पर तत्काल ट्रैप टीम का गठन किया और मंगलवार को ट्रैप टीम ने मोहन दरोगा मोहन सिंह बोहरा को चार हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तर कर लिया। निदेशक सतर्कता डॉ.वी मुरूगेसन ने ट्रैप टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## ..तो क्या चाय के खोके में चल रहा है रिश्वत का खेल?


### दरोगा को फंसाने में नगर के एक नेता के नाम की चर्चा



केलाखेड़ा। मंगलवार देर दोपहर विजिलेंस की टीम ने केलाखेड़ा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर को 4000 की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार कर लिया है जिसके बाद से ही केलाखेड़ा नगर में तमाम तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है जिसमें लोगों का यह भी मानना है कि केलाखेड़ा के एक सफेदपोश के संरक्षण में दरोगा को फंसाने के लिए यह सारा खेल रचा गया। आखिर कौन है यह नेता और क्यों रचा गया उसके द्वारा यह खेल यह तो जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा। विजिलेंस टीम ने थाना किलाखेड़ा के सामने चाय के खोखे में बड़ी कार्यवाही करते हुए एक दरोगा को 4000 की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है तभी से लेकर चाय का खोखा सुर्खियों में है और लोगों का मानना है कि क्या पुलिस के साथ लेनदेन के मामले इसी चाय के खोके में होते थे जिसका नमूना भी मंगलवार दोपहर को देखने को मिला है जहां एक दरोगा को विजिलेंस टीम ने 4000 की रिश्वत लेते चाय के खोखे में रंगेहाथ गिरफ्तार किया वही सोशल मीडिया पर भी चाय के खोके के बारे में नगर के लोगों द्वारा पोस्ट डाली जा रही है कि दलाली का अड्डा बनता जा रहा है चाय का खोखा।

# ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक मोहन डोभाल को किया गया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक मोहन सिंह डोभाल के सेवानिवृत्त होने पर पंजाबी जनकल्याण समिति ने उन्हें सम्मानित किया। ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक मोहन सिंह डोभाल अपनी लगभग 42 वर्ष की पुलिस सेवा के बाद आज सेवानिवृत्ति हो रहे हैं। समिति ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। श्री डोभाल उत्तर प्रदेश के समय 1982 में पुलिस में भर्ती हुए और 42 साल की ड्यूटी करसेवानिवृत हो रहे हैं।सम्मानित करने वालों में समिति संरक्षक सुभाष मोंगा, रमेश सडाना, संजीव आनन्द, मुकेश ढींगड़ा, उमंग वासुदेवा, अवनीश राजपाल, प्रेम मदान, राजीव बग्गा, किशन लाल राजपाल, पंकज गुम्बर, शिखर आहूजा, कनिष्क ढींगरा, अमित राजपाल, अभिषेक सडाना आदि थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# दुकान में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। दुकान का ताला तोडकर मोबाईल फोन व नकदी चोरी करने वाले दो नकबजनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी के मोबाईल फोन बरामद किये हैं। 29 जनवरी को राजीव मण्डल पुत्र निरंजन मण्डल निवासी गोविन्दनगर पाड़ागांव सितारगंज ने तहरीर में बताया कि 27 जनवरी रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा वादी के गोविन्दनगर पाडागाँव में राजीव नेटवर्क नाम से स्थित मोबाईल फोन की दुकान का शटर का ताला तोडकर दुकान के अन्दर से 12 कीपैड मोबाईल फोन व अन्य मोबाइल से सम्बन्धित उपकरण आदि चोरी कर लिए गए। मामले को गम्भीरता से देखते हुए टीमें गठित की गयी थी। गठित टीमों द्वारा घटना के अनावरण हेतु त्वरित कार्यवाही कर घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरों व आस पास के लोगों से सूचना संकलित कर मुखबिर की सूचना पर शक्तिफार्म अरविन्दनगर शमशान घाट को जाने वाले रास्ते से दो अभियुक्तों इन्द्रजीत राय पुत्र परमथ राय निवासी गांधी नगर वार्ड नंबर एक, प्लांटेशन, थाना दिनेशपुर उम्र 28 वर्ष और इन्द्रजीत मंडल पुत्र नारायण मंडल निवासी वार्ड न० 4 थाना दिनेशपुर उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके कब्जे से चोरी के 11 पुराने की पैड मोबाइल ,7 नैक ब्लूटूथ, पुराने टच स्क्रीन मोबाइल 13 डेटा केबल 4 ओक्स लीड 10 मोबाइल की बैटरी आदि के साथ आईसीआईसीआई बैंक का गोल्ड डेबिट कार्ड व चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयोग की गयी एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा-411/34 की बढोत्तरी की गयी। पूछताछ में आरोपियों द्वारा नशे का आदि होना तथा नशे की पुर्ती के लिये पैसे की व्यवस्था करने के लिये आये दिन चोरी करना तथा चोरी के अभियोग में थाना दिनेशपुर आदि से पहले भी जेल जाने की बात बताई है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी कर न्यायालय पेश किया गया है।



# अधिवक्तओं के चेंबर में बांधी जा रही है ताबीज,लटकाए जा रहे हैं गुड्डे

## शरारती तत्वों की कारस्तानी कोर्ट में चर्चा का विषय

काशीपुर(उद संवाददाता)। दीवानी न्यायालय के सामने बैठने वाले अधिवक्ताओं के चेंबर में शरारती तत्वों द्वारा पिछले कुछ समय से लगातार टोना टोटका किए जाने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। तंत्र-मंत्र को लेकर जहां एक ओर अधिवक्ता खासे परेशान है वहीं दूसरी ओर मामला एसडीएम कोर्ट में चर्चा का विषय बना है। जानकारी के मुताबिक कुछ समय पूर्व दीवानी न्यायालय के सामने बैठने वाले बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष ताजवर अब्बास नकवी, संजय रुहेला, मोहम्मद अलीम, आसिफ सिद्दीकी आदि अधिवक्ताओं को शरारती तत्वों ने निशाने पर ले लिया है। अधिवक्ताओं की माने तो पिछले कुछ दिनों जब वह रोजाना की भांति सुबह कोर्ट पहुंचे तो चेंबर की कुंडी पर सिंदूर लगा धागा बंधा पाया गया। चेंबर के दरवाजे पर कच्चे अंडे पड़े मिले। इस घटना के कुछ दिन बाद यानी हाल फिलहाल दो दिन पूर्व उपरोक्त अधिवक्ताओं के चेंबर में गुड्डा और ताबीज बंधा मिला। शरारती तत्वों की इस कारगुजारी से अधिवक्ता खासे परेशान है। माना जा रहा है कि द्वेष के चलते कोई व्यक्ति अधिवक्ताओं को नुकसान पहुंचाने की नियत से षड्यंत्र के तहत इस तरह के कृत्यों को लगातार अंजाम दे रहा है। फिलहाल पिछले दो दिनों से एसडीएम कोर्ट में अधिवक्ताओं के बीच यह मामला पुरजोर चर्चा का विषय बना है। बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी निपेंद्र चौधरी को मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अधिवक्ताओं से मुलाकात कर इसकी तफसील से जानकारी लेते हुए जांच का आश्वासन दिया तो वहीं दूसरी ओर टोना टोटका की घटनाओं से परेशान अधिवक्ताओं ने चेंबर के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने का मन बना लिया ताकि शरारती तत्वों को बेनकाब किया जा सके।



# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को दी श्रद्धांजलि



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के शहादत दिवस पर महानगर कांग्रेस ने स्वराज आश्रम में बापू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कर सदभावना दिवस के रूप में मनाया।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी द्वारा सत्य और अहिंसा का जो मार्ग हम सबको दिखाया, उस मार्ग पर हम सबको हमेशा चलना चाहिए तथा हमें हमेशा स्वतंत्रता संग्राम शहीद सेनानियों को भी याद करना चाहिए जिनके कारण आज हम आजाद भारत में साँस ले रहे है। इस दौरान हेमन्त बगड़वाल, एनबी गुणवंत, नरेश अग्रवाल, शोभा बिष्ट, मधु सांगूड़ी, जया कर्नाटक, पार्षद राधा आर्य, प्रेमा बिष्ट, मोनिका सती, गोविंद बगड़वाल, कन्नू परगाई, विनोद कुमार, मनोज शर्मा, किरन माहरा, राजेन्द्र उपाध्याय, अमित रावत, बबलू बिष्ट, सुरेंद्र नगरकोटी, कोमल जायसवाल, शादाब, हेमन्त पंत, प्रमोद कोटलिया, पप्पू रैकुनी, भोपाल सिंह, मनोज सिंह बिष्ट, शाद अली आदि ने मौन रख कर महात्मा बापू और स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने आयोजित किया जनसंवाद कार्यक्रम

गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि अल्पसंख्यक वर्ग को समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जाए।गदरपुर में अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से हुए संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार अल्पसंख्यकों के हित के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा सभी राजनीतिक दलों ने अल्पसंख्यकों के वोट का केवल इस्तेमाल किया है।लेकिन उन्होंने उनके उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।जबकि, अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार प्रदेश का चहुमुखी विकास कर रही है। अल्पसंख्यकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। अधिक से अधिक अल्पसंख्यकों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी, प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, जहीर अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, अंजार हुसैन, आबिद, अहमद हसन, नजीर सकलैनी, रासम सकलैनी, सैफ अली, आजम, जमील, यूसुफ, अमीर अहमद बंजारा, अबरार, फहद, वसीम, राजा कमाल, नाजिम, साजिद पाशा, सद्दाम, मोहम्मद अहमद, सलीम, नईम, सतीश, यशपाल सिंह सहित अल्पसंख्यक समुदाय के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बलूनी ने राज्यपाल से की भेंट



देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। वहीं राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने सीएम सीएम पुष्कर सिंह धामी से भी शिष्टाचार भेंट की है। बता दें कि प्रदेश में राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी का कार्यकाल खत्म होने के चलते रिक्त हुई एक राज्यसभा सीट के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। इस बीच दोनों के बीच हुई मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

# फैक्ट्री में चार उंगलियां कटने के बाद श्रमिक को उसके हाल पर छोड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।फैक्ट्रियों में श्रमिक किस तरह प्रबंधन के जुल्म के शिकार हो रहे हैं इसका एक और उदाहरण सामने आया है। बिंदुखेड़ा स्थित एक फैक्ट्री में खराब मशीन पर काम करने के दौरान श्रमिक की चार उंगलियां कट गयी। उसके बाद प्रबंधन ने श्रमिक की मदद करने के बजाय उसे उसके हाल पर छोड़ दिया। लाखों रूपये कर्ज लेकर श्रमिक अभी तक अपना ईलाज करा रहा है लेकिन उसकी न तो प्रबंधन सुन रहा है और न ही पुलिस प्रशासन उसे न्याय दिला पाया है। पीड़ित ने अब एसएसपी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगायी है। ग्राम लम्बाखेडा निवासी मुवस्सर अली पुत्र अकबर अली ने एसएसपी को लिखे शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम बिंदुखेड़ा में वोलटॉस कम्पनी के वेंडर के रूप में फ्रिज की बॉडी बनाने का काम करने वाली एक फैक्ट्री में उसे 9860 रूपये मासिक वेतन पर हाईड्रोलिक वाईंडिंग मशीन पर बतौर हैल्पर रखा गया था। पीड़ित ने बताया कि नवम्बर 2023 में कंपनी के संचालकों ने उससे जबरन हाईड्रोलिक वाइडिंग मशीन पर हेल्पर के स्थान पर मशीन ऑपरेटर के रूप में काम लेना शुरू कर दिया। इसी दौरान मशीन में खराबी होने की वजह से उसका हाथ मशीन की चपेट में आ गया। कम्पनी के कर्मचारी उसे रूद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले गये लेकिन वहां से उसे अन्यत्र रैफर कर दिया गया। बरेली में उसके हाथ का अभी तक उपचार चल रहा है जिसमें दो लाख से अधिक खर्च हो चुका है। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन उसे कोई भुगतान नहीं कर रहा है।

# गरीबी रेखा से नीचे के कार्डों में हो रही धांधली

काशीपुर(उद संवाददाता)। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद भी राशन वितरण में यहां धांधली की लगातार शिकायतों ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है। सरकार जहां एक और राशन वितरण को लेकर पारदर्शिता के प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर डीलर अधिकारियों से सांठगांठ कर गरीबों के हिस्से का राशन डकारने को लेकर नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। राशन कार्डों की जांच धीमी पड़ चुकी है। गरीबी रेखा से नीचे बनाए गए कार्डों में तमाम झोल है। आरोप है कि शाशन द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद यहां अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर अपात्रों को सफेद कार्ड निर्गत कर रहे हैं। गरीबों को पूर्ति कार्यालय के चक्कर लगाते देखा जा रहा है। उनकी सुनवाई नहीं होती। काशीपुर क्षेत्र में तमाम सरकारी सस्ते गल्ले की ऐसी भी दुकानें हैं जहां 3500 से लेकर 4000 राशन कार्ड अटैच्ड हैं। इनमें तमाम ऐसे हैं जो सरकारी नौकरी में बाहर है। बहुतों की मौत हो चुकी है लेकिन राशन कार्डों की नियमित जांच न होने के कारण डीलर अधिकारियों से सांठ गांठ करइसका पूरा फायदा उठा रहे हैं। काशीपुर में पदस्थ एक सप्लाई इंस्पेक्टर को उनके गृह क्षेत्र में ही पोस्टिंग दे दी गई है। भाजपा सरकार में चल रही इस तरह की धांधली से लोगों में रोष है। सूत्रों का कहना है कि सप्लाई इंस्पेक्टर दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं है। वह कार्यालय भी समय से नहीं आती।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# विधान दास बने भाजपा मण्डल महामंत्री

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये शक्तिफार्म क्षेत्र के गुरुग्राम शक्तिफार्म नम्बर दो निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता विधान दास को भाजपा मंडल महामंत्री के पद पर मनोनीत किया। इससे पूर्व भी विधान दास मंडल महामंत्री एवं युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नव मनोनीत मंडल महामंत्री विधान दास का, भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।इस मौके डी सी बी चेयरमैन गोपाल रावत,निवर्तमान चेयरमैन सुनील विश्वास, संजय बाछाड़,के पी मण्डल, विजय वागला,रवि मजूमदार, उत्तम दास,गोविंद कुमार,गोपाल शाह,गोविंद पोखरिया,मिथुन मंडल आदि मौजूद थे।



# तेरे जैसा राम भक्त कोई हुआ ना होगा मतवाला

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित

दिनेशपुर( उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य श्री बालाजी दरबार सजाया गया। जिसमें दूर दराज से भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद मतवाला, गोविंद ग्रोवर ने मेरा बाबा मेरे साथ है, सुनील कुमार ने राम का ऐसा दीवाना दूसरा कोई नहीं, कृष्ण छाबड़ा ने मोहे राम से मिला मेरे वीर हनुमान, हरीश ठुकराल ने मनवा हो जा दीवाना रे, श्याम कालरा ने राम जी की निकली ने लगन तुमसे लगा बैठे, वैभव गगनेजा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की खुराना, अमित अग्रवाल, कृष्णलाल चुघ, गोविंद ग्रोवर, कपिल कुमार, रितेश सक्सेना, बँटी राठौर, पवन अरोड़ा, राजीव यादव, राजू गोयल, विपिन नारंग, सीताराम मिश्रा, विजय गंगवार, सुभाष चतुर्वेदी, डी के जितेंद्र पाहवा, रामकिशन वर्मा, दीपक बाँबा, शिवम् कुमार, विजय गुप्ता, गोपाल नारंग काका, खैरात कुमार, सतीश सागर, शिव कुमार, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, विजय चिलाना, बिट्टू





पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने संत भक्त हितकारी मेरे राम जी पधारे, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने घाटे वाले तेरा शुक्रिया, विशाल मदान ने तेरे जैसा राम भक्त कोई हुआ ना होगा सवारी, रोहन भटनागर ने साथी हमारा कौन बनेगा, अंकित गगनेजा ने मेरी रक्षा करो बजरंग बली, पवन खेड़ा ने जरा घूमने तो घाटे चलिये, जय प्रकाश गर्ग ने बजरंग बाला फेरु तेरी माला, सुरेश मित्तल ने सीताराम सीताराम सीताराम कहिये, रितेश सक्सेना ने ओम् नमः शिवाय, मनोज रस्तोगी ने आया मैं आया बाबा मैं तो आया, राजपाल सैनी आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, अमित आनंद, रवींद्र चौहान, डॉक्टरअजय सिंह, सत्यम जायसवाल, मनीष मुंजाल, मनीष छाबड़ा, किशन चंद खेड़ा, सुरेश बंसल, परमजीत, अशोक गर्ग, प्रदीप कालरा, माधव कारगेटी, रामचरण सिंह, राजपाल सैनी, दीपु सैनी, नितिन रस्तोगी, आशु झाम, संजीव कुमार, विकास कुमार, कालू चावला, शैलेश मित्तल, सुनील गर्ग, सूरज छाबड़ा, मनोज रस्तोगी, पंडित हरदयाल सिंह, रमेश कटारिया, लवी ग्रोवर, कमल अनेजा, मयंक बंसल, जगदीश कुमार, महेश गर्ग, राम किशोर, हरीश साहनी, सुरेश कुमार, अरोरा, सौरभ अग्रवाल, विशाल मदान, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, अजय जायसवाल, वैभव गगनेजा, कृष्ण छाबड़ा, पंडित डिमेश पाठक, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, अंश अरोरा, अनटू रस्तोगी, आयुष अरोड़ा, पवन खेड़ा, अमन श्रीवास्तव, मनीष गोयल, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि हजारो भक्त मौजूद थे।






## भाजपा चलायेगी गांव चलो अभियान: खिलेन्द्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल की गाँव चलो अभियान की जिला कार्यशाला कुमाऊँ संभाग कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि अभियान के प्रदेश समीक्षा 15 फरवरी तक होगी। जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट ने कहा गांव चलो अभियान के तहत नैनीताल जिले के 22 मंडलों में प्रत्येक मण्डल पर कार्यशाला होगी तथा कार्यशाला के बाद भाजपा सरकार की उपलब्धियां को र भगत, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, विधायक नैनीताल श्रीमती सरिता आर्य, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष पेयजल अनुश्रवण परिषद दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, अध्यक्ष कृषि उत्पादन मंडी समिति डॉ.




संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा खिलेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी एक फरवरी से 11 तक प्रत्येक बूथ पर यह कार्यक्रम होना है तथा अभियान की जन-जन तक ले जाने के लिए गांव चलो बूथ चलो अभियान के तहत प्रत्येक बूथ के प्रत्येक घर तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस अवसर पर विधायक कालाढूंगी बंशीध अनिल कपूर डब्बू, जिला संयोजक देवेंद्र ढैला, सहित समस्त जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष/ महामंत्री और अभियान की मण्डल टोली के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित रहे।

## टाइटन फिटनेस जिम का विधायक पांडे ने किया शुभारंभ

गदरपुर( उद संवाददाता)। आवास विकास वार्ड नंबर 6 में नव प्रतिष्ठान टाइटन फिटनेस जिम एवं जुंबा एरोबिक योग का उद्घाटन पंडित शिव शंकर पांडे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत विधायक अरविंद पांडे द्वारा फीता काटकर करवाया गया । टाइटन फिटनेस जिम के संचालक सत्यजीत शर्मा ने बताया कि पूरे क्षेत्र में उनके टाइटन फिटनेस जिम में देसी और विदेशी कंपनियों द्वारा निर्मित उच्चकोटि की विभिन्न प्रकार की मशीन उपलब्ध है। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए वर्तमान समय में जिम का अत्यधिक महत्व है उन्होंने कहा उनके जिम में आने वाले महिला पुरुषों को ट्रेंड प्रशिक्षकों द्वारा उचित फिटनेस एवं सुझाव देकर लाभान्वित किया जाएगा साथ ही एरोबिक योगा द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।वही विधायक अरविंद पांडे द्वारा सत्यजीत शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन व्यक्ति का आत्मिक उत्सर्जन करता है उन्होंने कहा प्रतिदिन जिम करने का युवाओं का रुझान दिनों दिन बढ़ रहा है उन्होंने युवा पीढ़ी से भी नशा मुक्त होकर अपने शरीर को फिट रखने का आह्वान किया । इस अवसर पर मातृशक्ति द्वारा भजन कीर्तन एवं आरती करते हुए माहौल को भक्ति मय भी बनाया गया । इस दौरान माता विमलेश शर्मा,मुन्नी देवी, शीतल शर्मा, बबलीदेवी, राजकुमारी, संगीता,लक्ष्मी देवी के अलावा रोहित सुदामा,राकेश भुड्डी, बृजेश बिल्लन,अमरजीत सिंह, संतोष गुप्ता, अशोक चावला,परमजीत सिंह, तारिक खां,अशोक शर्मा, सुभाष शर्मा,उमाशंकर शर्मा, नवीन पांडे,प्रेम शंकर शर्मा,चेतन स्वरूप,सतजीत सिंह गुलाटी, अखिलेश शर्मा,राजेश चंद्र शर्मा,हरीश शर्मा ,मुकेश शर्मा, शिवम शर्मा सहित तमाम लोगों ने शुभकामनाएं प्रदान की।



# आत्मज्ञान से ही स्थिर होता है परमात्मा पर विश्वास: साध्वी कालिंदी भारती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से ज्ञान की पयस्विनी श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिवस में सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री कालिंदी भारती जी साध्वी जी ने प्रहलाद प्रसंग के माध्यम से भक्त और भगवान के संबंध का मार्मिक चित्रण किया। प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप के द्वारा उसे पहाड़ की चोटी से नीचे फेंका गया, विषपान करवाया, मस्त हाथी के आगे डाला गया। परंतु भक्त प्रहलाद भक्तिमार्ग से विचलित न हुए। परंतु भक्त प्रहलाद भक्तिमार्ग से विचलित न हुए। विपदा या मुसीबत भक्त के जीवन को निखारने के लिए आते हैं। जिस प्रकार से सोना आग की भट्टी में तप कर ही कुंदन बनता है। ठीक वैसे ही भक्ति की चमक विपदाओं के आने पर ही देदीप्यमान होती है। दूसरी बात यह कि जो भीतर की शक्ति को नहीं जानता, वह इनसे घबराते हैं। आज समाज में अनेक किताबें है जो विपरीत परिस्थितियों में साहस न छोड़ने की प्रेरणा देती है। पर उन में लिखे शब्द हमारी बारी में ही स्थान पाते हैं, कर्म में नहीं। क्योंकि जिस आत्मविश्वास की खोज हम कर रहे हैं वह आत्मा को जानने पर ही प्राप्त होगा। कहा भी गया है कि पृथ्वी पर सशक्त हथियार आत्म जागृति है। सद्गुरू की शरण में जाने पर आत्मज्ञान को प्राप्त करने के बाद ही हमारा स्वयं पर और परमात्मा पर विश्वास स्थिर होता है। फिर इस साहस से उपजता है अदम्य साहस जो हमें असंभव को संभव करने की शक्ति देता है। इसलिये जिस भी सफलता को हम प्राप्त करना चाहते हैं, उसका आधार है आत्म विश्वास, वह केवल आत्मज्ञान से ही संभव है। तदुपरांत होलिका प्रहलाद को क्षति पहुंचाने का प्रयास करती है। अग्नि में बैठे भक्त की प्रभु ने रक्षा की। होलिका जल कर राख हो गयी। आज भी होलिका दहन का प्रचलन है। होली जिन रंगों से खेली जाती है। वे रंग तो पानी से धुल जाते हैं परंतु जो ईश्वर दर्शन कर भीतरी जगत में भक्ति के रंगों से होली मनाता है- वह विचित्र है। क्योंकि वे रंग और प्रगाढ़ हो जाते हैं। जन्मों-जन्म के लिये भगवान से संबंध स्थापित होता है। होली उत्सव कथा में मनाया गया। उसके पश्चात् भक्त की रक्षा करने प्रभ स्तम्भ में से प्रकट होते हैं। नरसिंह अवतार धारण कर उन्होने अधर्म और अन्याय को समाप्त कर सत्य की पताका को फहराया। मंगलवार को पूजन श्री राम महेश कुमार गोयल के परिवार ने किया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,अनिल चौहान,संजय ठुकराल, चंद्रसेन,प्रवीण मंडल,गौरव आहूजा, प्रकाश गोयल,शोभा गोयल,नीलम मित्तल ,सोनम सिडाना,शैली फुटेला आदि थे।







# रूद्रपुर के राम भक्तों ने किये राम लला के दर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर से गए राम भक्तों के जत्थे ने जय सियाराम के उद्घोष के साथ अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और अपने जीवन को धन्य किया। गत दिवस रोडवेज बस अड्डे के समीप से 82 राम भक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ था ।जिसे विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री स्नेहपाल ने रवाना किया था। इस जत्थे में भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ सहित विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। अयोध्या धाम पहुंचकर उन्होंने रात्रि विश्राम तीर्थपुरम में किया।जहां विश्व हिंदू परिषद के उत्तर प्रदेश इकाई के भी सदस्य मौजूद थे।आज प्रातः रुद्रपुर के 82 और पूरे उत्तराखंड के लगभग 1500 राम भक्तों ने अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर दर्शन किए ।भाजपा नेता चुघ ने कहा कि यह बहुत सौभाग्य का विषय है कि उन्होंने आज राम भक्तों के साथ प्रभु राम के दर्शन किए हैं। सैकड़ो सालों से राम भक्तों के मन में जो आशा थी कि अयोध्या धाम में रामलला का भव्य मंदिर बने वह आज पूरा हुआ है और करोड़ों हिंदुओं के सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो वह त्रेता युग में पहुंच गए हैं चारों ओर जय सियाराम की गूंज है और प्रतिदिन लाखों राम भक्त प्रभु राम का दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अयोध्या धाम पहुंचकर सरयू नदी में स्नान किया और हनुमानगढ़ के भी दर्शन किए और प्रसाद भी ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री मोदी राम मंदिर को लेकर सदैव संघर्ष करते रहे ।उनके अलावा लाखों राम भक्तों ने अपने जीवन की आहुति दी तब कहीं जाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो पाई। ऐसे में प्रभु राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो पाया। उन्होंने कहा कि देश के सभी लोग राम मंदिर बनने के पश्चात उत्साह से लबरेज हैं और प्रभु राम का मंदिर बनने के बाद वह प्रभु राम के दर्शन कर प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। इस दौरान कीर्ति निधि शर्मा, एडवोकेट लक्ष्मी नारायण पटवा, विवेक सक्सेना, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र अरोड़ा बजरंगी, संजीव गोस्वामी, हरनाम चौधरी, मनीष कोश्यारी, रवि गुप्ता, राजीव वर्मा, अभिनव छाबड़ा ,अंजुल त्यागी, धीरेंद्र भट्ट ,बिट्टू शर्मा आदि राम भक्त मौजूद थे।





# शहीदों की स्मृति में रखा गया मौन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में जनपद के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा गया और निर्धारित समय पर विभिन्न क्षेत्रों में सामान्य कार्य एवं गतिविधियां रोक दी गई।विकास भवन सभागार में सामूहिक मौन में प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल सहित अधिकारी व कर्मचारी तथा जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता सिंह सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।



# शहीद दिवस पर निकाला सद्भावना मार्च

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से अंबेडकर पार्क, मंगल पड़ाव से बुद्ध पार्क तक जनगीत गाते हुए 'सदभावना मार्च' निकाला। इस अवसर पर हम सबकी है भावना सद्भावना-सद्भावना, संविधान जिंदाबाद, लोकतंत्र जिंदाबाद, महात्मा गांधी अमर रहें, अंबेडकर अमर रहें के नारे लगाए गए। समापन पर बुद्ध पार्क में एक संक्षिप्त सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सांप्रदायिकता और धार्मिक उन्माद के विरुद्ध सौहार्द और सदभावना को फैलाने की शपथ ली गई। सद्भावना मार्च में उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन, अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, कांग्रेस नेता शराफत खान,विशाल भोजक, मीमांसा आर्य, सद्भावना समिति के अजय जोशी, गोपाल, अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष जीआर टम्टा, सुन्दर लाल बौद्ध, कांग्रेस की नीमा भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद अखलाक, सर्वोदय मण्डल के बच्ची सिंह बिष्ट, पछास के महेश, चंदन, हरि प्रसाद लोहिया, अनिल कर्नाटक, हबीबुर्रहमान अंसारी, अक्षत पाठक, शोभा बिष्ट, मंजू दानू बिष्ट, कमला तिवारी, अलका आर्य, मधु सांगुरी, शशि गुप्ता, चंपा शर्मा, राधा, जया कर्नाटक, मंजू , गौरव, रीता इस्लाम, विमला आर्य आदि शामिल रहे।



# 16.40 ग्राम स्मैक सहित स्मैक तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एएनटीएफ व कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को 16.40 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक बलवंत कंबोज प्रभारी जिला एएनटीएफ की टीम ने गश्त के दौरान तीन पानी पंचमुखी मंदिर के पास एक व्यक्ति को स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता पंकज नेगी पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी ढोला खेड़ा पंचमुखी मंदिर तीन पानी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 16.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने पंकज के विरूद्ध कोतवाली में 8/21 एनडीपीएस एक्ट के साथ तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पूछताछ के दौरान पंकज ने पुलिस को बताया कि वह स्मैक गोला पार निवासी एक महिला से खरीद कर लाता है। जिसे तीन पानी व मंडी क्षेत्र में बेचता है। अभियुक्त से अन्य मैक तस्करों की भी जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में महिला उप निरी बबीता, कानि.अमनदीप सिंह, नवीन कुमार व अरुण कुमार आदि शामिल थे।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## छात्रों का बेहतर भविष्य

राजस्थान के कोटा में एक छात्रा की खुदकुशी की घटना से फिर यही पता चलता है कि पिछले कई वर्षों से लगातार इस समस्या के गहराते जाने के बावजूद इसमें सुधार के लिए कोई गंभीरता नहीं दिख रही। गौरतलब है कि छात्रा ने आत्महत्या करने से पहले अपने माता-पिता को संबोधित पत्र में लिखा कि 'मैं जेईई नहीं कर सकती इसलिए आत्महत्या कर रही हूं। मैं हारी हुई हुं मैं ही इसकी वजह हूं' यह आखिरी विकल्प है।' यह बताने के लिए काफी है कि पढ़ाई-लिखाई से लेकर 'कुछ बड़ा' कर पाने के बोझ और समूची व्यवस्था से किस स्तर पर त्रासद स्थितियां पैदा हो रही हैं, जिसमें किशोरवय बच्चों के सामने जिंदगी और मौत में किसी एक को चुनने का विकल्प पैदा हो रहा है। इस वर्ष किसी विद्यार्थी की आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। जब इस तरह की कोई घटना व्यापक चर्चा का विषय बन जाती है, सब तरफ चिंता जताई जाने लगती है, तब इसके हल के लिए विभिन्न स्तरों पर उपाय करने की बातें की जाती हैं। मगर शायद इस समस्या की जड़ों की पहचान कर उसके मुताबिक ठोस रास्ते निकालने की पहल नहीं हो पा रही है। वाल है कि जिस किशोरावस्था में बच्चे कई तरह की मानसिक-शारीरिक उथल-पुथल से गुजरते रहते हैं, उसमें उनके सिर पर पढ़ाई-लिखाई और भविष्य की चिंता को एक बोझ के रूप में कौन डाल देता है! इसके बाद उस चिंता को भुनाने के लिए कोचिंग संस्थानों ने जैसा सख्त तंत्र खड़ा किया है और उसमें जिस तरह बहुत सारे बच्चे पिस और टूट रहे हैं, उस पर कोई लगाम क्यों नहीं है। सरकारों को इससे संबंधित कोई स्पष्ट और ठोस नीति बनाने की जरूरत क्यों नहीं लग रही है? यह त्रासदी तब भी कायम है जब पिछले कई वर्षों से लगातार कोटा में ऐसी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं की खुदकुशी अब एक व्यापक चिंता का विषय बन चुकी है। ऐसी आत्महत्याओं का कारण एक ही होता है कि किसी बच्चे ने परीक्षा और तैयारी के सामने खुद को लाचार पाया और उसे कोई अन्य रास्ता नहीं सूझा। यह समझने की जरूरत क्यों नहीं महसूस हो रही है कि जिस उम्र में कई बच्चों के सिर पर इस तरह की पढ़ाई और उससे संबंधित परीक्षा में बेहतरीन नतीजे लाने का बोझ लाद दिया जाता है, उस दौरान वे विषम हालात से निपट सकने के लिए कितनी परिपक्वता रखते हैं। आमतौर पर मान लिया गया है कि जीवन में सफल होने के लिए डाक्टर-इंजीनियर या कोई उच्च प्रशासनिक अधिकारी बनना ही अच्छा विकल्प है। इन परीक्षाओं में कामयाबी को लेकर किसी विद्यार्थी के भीतर कितनी रुचि है या उसके लिए वह कितना सक्षम है, इसका आकलन करने की कोई जरूरत नहीं समझी जाती। दूसरी ओर, बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रचलित धारणाओं के शिकार अभिभावक अपनी महत्त्वाकांक्षाएं अपने बच्चों के जरिए पूरा करना चाहते हैं। जबकि किशोरवय स्कूल-कालेज की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण का एक नाजुक दौर होता है। इसके बजाय अगर प्रवेश परीक्षा के लिए पढ़ाई में दिलचस्पी न होने के बावजूद किसी बच्चे के सामने अकेला विकल्प यही रख दिया जाता है, तो उसके सोचने-समझने और संवेदना की दिशा बाधित होगी ही। ऐसे में अगर बच्चे जीवन से हार जाते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी किस पर जाएगी? जाहिर है, यह परिवार, समाज, शिक्षा जगत और सरकार के लिए सोचने का मुद्दा है कि आखिर यह होड़ कहां जाकर रुकेगी।

# जायडस कंपनी की अवैध बंदी खोलने की मांग

सितारगंज(उद संवाददाता)। जॉयडस कंपनी के ठेका मजदूरों ने यूनियन की आम सभा की और सरकार से अवैध बंदी खोलने की मांग की। इस दौरान ट्रेड यूनियन एक्टू के प्रदेश महामंत्री के के बोरा ने कहा कि भाजपा सरकार में मजदूरों का शोषण चरम पर है। शोषण को और बढ़ाने और पूंजीपतियो की मनमानी के लिए केंद्र सरकार मजदूरपक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म करने और मजदूर विरोधी 4 नए श्रम कोड बनाने की ओर बढ़ गई है। 4 नए श्रम कोड लागू होने के बाद मजदूर को न्याय के रास्ते बंद हो जाएंगे। सिडकुल सितारगंज में अवैध तरीके से बंद की गई जायडस कंपनी के मालिक ने अवैध तरीके से कम्पनी बंद कर दी जिससे 1200 मजदूर बेरोजगार हो गए। सालों से काम कर रहे ठेका मजदूर अवैध बंदी के कारण मुआवजा पाने के अधिकारी हैं। लेकिन सरकार पूंजीपतियों के पक्ष में खड़ी है और कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। मजदूर यूनियन के संयोजक नरेंद्र सिंह ने कहा कि करने हम मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है। सरकार जायडस के 1000 ठेका मजदूरों को न्याय नहीं दिला पाई है। लेकिन बड़ी बड़ी बाते कर रही है। हम सरकार से मांग करते है कि सरकार फिर से कम्पनी खुलवाए, बंदी से अभी तक का वेतन मजदूरों को दे या फिर बंदी मुआवजा दे। भाकपा (माले) के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजूद सरकार 1200 मजदूरों के खिलाफ खड़ी है। इसलिए उन्हें अभी तक न्याय नही मिला है। सरकार मजदूरों की कोई सुध नहीं ले रही है।लेकिन न्याय दिलाने की लड़ाई में हमारी पार्टी भाकपा (माले) हमेशा मजदूरों के साथ खड़ी रहेगी। इस दौरान 13 सदस्यीय एक कमेटी का चुनाव भी हुआ। यह भी निर्णय लिया गया कि 16 फरवरी को देशव्यापी मजदूर-किसानों की हड़ताल का समर्थन किया जायेगा। इस दौरान अनीता अन्ना, नरेंद्र सिंह,अनिता देवी, तन्नू, रेशमा अहमद, मो.राशिद, खीमा देवी, धर्मानंद जोशी, प्रताप सिंह, मनोज रस्तोगी, सोहैल, रोहित, मंजीत सिंह, राजेंद्र कुमार, तुलसी राम , विवेक यादव, उमेश सिंह, कन्हैया लाल, भजनलाल, रजनीश कुमार पाठक, आशिक अंसारी,सूरज सिंह भंडारी, ओमकार सिंह, मृणाल मंडल सही दर्जनों लोग मौजूद थे।




# मार्ग का सुधारीकरण न होने पर दी आमरण अनशन की चेतावनी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा को पत्र प्रेषित कर अल्मोड़ा के आंतरिक मार्ग रानी धारा रोड तथा लोअर माल गैस गोदाम अपर माल रोड के तत्काल सुधारीकरण एवं मरम्मत किए जाने की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा के आंतरिक मार्ग जिसमें मुख्यत: रानी धारा मार्ग व लोअर माल रोड गैस गोदाम अपर माल रोड लिंक मार्ग की स्थिति पिछले 3 वर्षों से अत्यधिक भयावह है जिसका खामियाजा अल्मोड़ा की जनता लगातार झेल रही है।ग्रेस पब्लिक स्कूल के निकट सड़क की दीवार जो लंबे समय से क्षतिग्रस्त थी को जिलाधिकारी से अनुरोध कर उनके द्वारा निर्मित करवा दिया गया है।इन मार्गों से छोटे वाहनों तथा अनेकों स्कूली बच्चों का आवागमन होता है जिस कारण मार्गो में अनेकों दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है।दोनों मार्गों की स्थिति ठीक न होने के कारण स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है।उन्होंने कहा कि जैसा कि सूच्य है लोअर माल रोड गैस गोदाम अपर माल रोड लिक माल रोड लिंक मार्ग के 12 लाख की धनराशि जल निगम द्वारा लोक निर्माण विभाग को भुगतान कर दी गई है।उक्त दोनों मार्गों को एक सप्ताह के भीतर गड्ढा मुक्त कर यदि इनका सुधारीकरण कार्य नहीं किया जाता है तो वह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के बाहर आमरण अनशन करने एवं अपर मालरोड में चक्का जाम करने जैसी कार्यवाही करने को बाध्य होंगे।

# प्राचीन कपिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे कुमाऊं कमिश्न दीपक रावत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत ने तहसील लमगड़ा के गुरेड स्थित प्राचीन कपिलेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण किया। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर के बारे विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। यहां क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी सीएस चौहान ने उन्हें मंदिर के इतिहास



एवं विशेषताओं के बारे में अवगत कराया। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर की विशेषताओं की सराहना करते हुए क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मंदिर को संरक्षित करने एवं इसको पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु कार्य करें। यहां स्थानीय लोगों ने भी आयुक्त को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। उपजिलाधिकारी जैंती भनोली एनएस नगन्याल, जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षार्थियों हेतु प्रभावी समय प्रबंधन

परीक्षा का नाम सुनते ही मन में एक अनजाना सा भय उत्पन्न होने लगता है। अत: जब आपके समक्ष ये चुनौती आती है कि परीक्षा को उत्तीर्ण करना है और अच्छे प्रतिशत के साथ, तो थोड़ा सा दबाव में आना स्वाभाविक



है। इस दबाव से मुक्ति पाते हुए अच्छे नम्बरों के साथ चारों तरफ चमक बिखेरनी है तो समय का सम्मान करना होगा और नियमित दिनचर्या के साथ पढ़ाई करनी होगी। इस हेतु कुछ सुझाव निम्न है। (1) बोर्ड परीक्षा में अब कुछ ही दिन शेष है तो सबसे पहले अपने पाठ्य्यक्रम को एक बार फिर से देखें और जांचे कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कौन-कौन से टॉपिक हटा दिए है या कम कर दिए हैं। जिन टॉपिक्स को पाठ्यक्रम से हटाया गया है, उन्हें अभी बिल्कुल नहीं पढ़ना है। इससे समय बचेगा। (2) अब आप ये देखें कि अलग-अलग विषय में से किसमें आप ज्यादा कठिनाई महसूस कर रहे हैं, या आपको कौन सा विषय ज्यादा कठिन लग रहा है। उसमें पढ़ने का समय बढ़ा देना है, और जो विषय आपको आसान लग रहा है उसमें कम समय में रिवीजन कर लेना है, जिससे आपको कठिन विषयों के लिए ज्यादा समय मिलेगा।(3) अब हम दिन के 24 घंटे को तीन भागों में बांट लेते हैं. (।) सोने का समय (ठ) पढ़ने का समय मनोरंजन एवं दैनिक कार्य का समय **सोने का समय** - प्रतिदिन 6-7 घंटे ही सोना है जो कि रात्रि में 11 बजे से प्रात: 5 या 6 बजे तक ही होना चाहिए। कई छात्र देर रात तक पढ़ने की आदत वाले होते हैं, जानकारों की मानें तो ये उचित नहीं है। रात्रि में कई बार पढ़ी हुई चीजें ज्यादा देर तक याद नहीं रहती है।**पढ़ने का समय** - यह समय एक दिन में कुल 8-10 घंटे होना चाहिए और सुबह, दोपहर एवं शाम में विभाजित होना चाहिए। प्रात:काल 3 से 4 घंटे की पढ़ाई सबसे ज्यादा विशेष होती है. अत: इस समय आप ऐसे विषय चुनें, जिनको याद ज्यादा करना और उनको लिखकर याद करें या दोहरावें इससे आपको प्रश्न याद रहेंगे और भरोसा बढ़ेग्गा। दोपहर में 3 घंटे का समय निकालें और ऐसे विषय पढ़े जो सुबह नहीं पढ़े हैं। इसी प्रकार 3 घंटे का समय संध्याकाल में निकालें और लिखकर पढ़ने बाले विषय जैसे गणित, भौतिकी या कभी-कभी रसायन को ले सकते हैं। **मनोरंजन एवं दैनिक कार्य का समय** - यदि आप 7 घंटे सोते हैं. 10 घंटे पढ़ते हैं तब भी 7 घंटे का समय मनोरंजन एवं दैनिक जरूरी कार्यों के लिए उपलब्ध रहेगा। लगातार पढ़ने से ऊर्जा का स्तर कम होने लगता है और धकावट आने लगती है. इसलिए बीच-बीच में स्वस्थ्य मनोरंजन आवश्यक है, किन्तु इसमें वीडियो गेम या सोशल मीडिया का उपयोग नहीं होना चाहिए। मनोरंजन में कुछ समय घर के सदस्यों से या दोस्तों से बातचीत, व्यायाम, खेल शामिल करें। इससे आपकी एकाग्रता बढ़ती है। इस प्रकार यदि आप अपने पूरे दिन को व्यवस्थित तरीके से उपयोग करेंगे तो आप कभी भी दबाव में नहीं आएगें और समय पर सारे विषय पूर्ण होगें। जिससे आप अपनी क्षमताओं का बेहतरी प्रदर्शन करते हुए बोर्ड परीक्षा में उच्च मानदण्ड स्थापित कर पाएगें।

**- प्रवीण गोयल, उप निदेशक, आकाश बायजूस**

# स्वास्थ्य मंत्री ने दिए राज्य में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण कार्यालय में आज प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आयुष्मान योजना की समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ उन्होंने आयुष्मान योजना के विभिन्न अनुभागों का भी निरीक्षण किया।बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने बहुत जरूरी हैं। अभी यदि आधी आबादी के आयुष्मान कार्ड बन पाए हैं तो यह उस आधी आबादी के साथ अन्याय है जिनके कार्ड अभी नहीं बने हैं और जो जरूरत पड़ने पर योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कार्ड में राशन कार्ड के अलावा दूसरे विकल्पों पर फोकस करें ताकि कैबिनेट में इस दिक्कत का समाधान कराया जा सके। इसके साथ ही बेहतर क्रियान्वयन के लिए लद्दाख और जम्मू कश्मीर में दी गई व्यवस्थाओं को भी देखने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से वार्ता कर आयुष्मान कार्ड बनाने में राशन कार्ड से इतर विकल्प पर भी मंत्रणा की।कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर की नकल से आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था पर होमवर्क करें ताकि उसे कैबिनेट में लाकर समुचित व्यवस्थाएं सुचारू की जा सकें। बैठक में मौजूद राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि जिन लाभार्थियों के नए राशन कार्ड बने हैं उनका डाटा पोर्टल पर शो नहीं हो रहा है। इस वजह से राशन कार्ड होने के बाद भी आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें आ रही हैं। रियल टाइम पर डाटा शो होना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अलावा बुजुर्ग लाभार्थियों का हाल पूछने व उन्हें घर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने व फ्री पैथोलॉजी सुविधा को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई।




# पूजा पांडे एकम शक्ति की जिला मंत्री नियुक्त

गदरपुर(उद संवाददाता)। नवगठित राजनीतिक पार्टी एकम सनातन भारत दल की महिला विंग 'एकम शक्ति' का विस्तार करते हुए पूजा पांडे को एकम शक्ति का जिला मंत्री नियुक्त किया गया। इस आशय का नियुक्ति पत्र प्रदेश उपाध्यक्ष डा आर के महाजन द्वारा स्थानीय कार्यालय में उनको सौंपा गया। इस अवसर पर डा महाजन ने आशा व्यक्त की कि पूजा पांडे द्वारा संगठा को पूरे जिले में मजबूती प्रदान की जायेगी तथा महिलाओं को हर तरह की सुरक्षा प्रदान की जायेगी। पूजा पांडे ने संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड अंकुर शर्मा का अभार व्यक्त किया तथा कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरी उतरने का हर संभव प्रयास करेंगी। इस अवसर पर डा आर के महाजन, विजया पांडे,संगीता तिवारी,राजकुमार नैय्यर,मूर्ति देवी,चंद्र चौहान,गोपाल कश्यप, ममता आदि उपस्थित रहे।



# कमिश्नर ने रामगढ़ में किया सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण





नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ तल्ला विकासखंड रामगढ़ का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने विद्यालय परिसर में मूलभूत समस्याएं पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं देखी और आंगनवाड़ी में पढ़ने आए बच्चों को प्यार-दुलार दिया। आंगनबाड़ी की समुचित व्यवस्थाओं से दीपक रावत काफी प्रभावित हुए। ग्राम प्रधान बसंत लाल शाह और स्थानीय निवासी ने बताया कि भूराकोट विलेज रामगढ़ गधेरा में विगत दिनों आयी बाढ़ से गधेरा पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके उपचारात्मक कार्य कराने और सुरक्षा दीवार बनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसके क्रम में दीपक रावत ने उपजिलाधिकारी नैनीताल को सिंचाई विभाग से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात दीपक रावत ने राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ नैनीताल का निरीक्षण किया, जहां गेट के पास फैले कूड़े-कचरे/गंदगी को देखकर नाराजगी जताई और सफाई व्यवस्थापक पर 500 का जुर्माना लगाने का निर्देश दिये उपजिलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार को दिए। खंड शिक्षा अधिकारी गीतिका जोशी ने विद्यालय परिसर में संचालित लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के उपयोगार्थ हेतु पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने और विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल बनाने की मांग की जिस पर दीपक रावत ने कहा कि बच्चों के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएगी। कुमाऊं आयुक्त ने जल जीवन मिशन हर घर नल हर घर जल विकास परक योजनांतर्गत जल संस्थान द्वारा रामगढ़ तल्ला, सतखोल, चापड़ सहित जनपद अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों में बरती जा रही ढिलाई पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कुमाऊं आयुक्त ने ईई जल संस्थान विपिन चौहान और जेई जल संस्थान (उपनल) को 01 सप्ताह में कार्यशैली में सुधार न करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी। उन्होंने ईई जल संस्थान को प्रत्येक दिन कार्य की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश दिए।ओडाखान में सड़क किनारे बांज के पेड़ों में कील ठोक कर कटीले तारों से तार-बाड़ का कार्य किया गया इसके साथ ही टिन शेड से चाहारदीवारी भी की गई है, जिसके अंदर निर्माण कार्य चल रहा है। इस संबंध में दीपक रावत ने उपजिलाधिकारी और संबंधित तहसीलदार को भूमि नाप है या नहीं की जांच करने के निर्देश दिए तथा अवैध निर्माण कार्य होने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ओड़ाखान में ही धर्मेंद्र नेगी द्वारा निर्माणाधीन भवन में जल निकासी हेतु बनी कलमठ/पुलिया को कवर कर दिया गया है, जिस पर दीपक रावत ने उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार को जांच कर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान देखा गया है कि निर्माणाधीन भवन से निकलने वाले मालवे को भू स्वामियों/भवन स्वामियों द्वारा सड़क किनारे डाला जा रहा है, जो सड़क पर अवरोध पैदा हो रहा है। इस क्रम में मंडलायुक्त ने निर्माण हेतु आ रही सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरफुट, मालवा आदि के रवन्ना आदि की जांच करने के निर्देश दिए। वहीं सतखोल में रोड कटिंग में निकले पत्थर को अवैध तरीके से/चोरी कर गुरुचरन वालिया द्वारा निजी संपत्ति की बाउंड्री बॉल में प्रयोग करते पाया गया, जिस पर दीपक रावत ने संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार, ईई जल संस्थान विपिन चौहान, अशोक कुमार प्रजापति जल निगम, तहसीलदार कोश्या कटोली, खण्ड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान रामगढ़ तल्ला बसंत लाल शाह, ग्राम प्रधान सतकोल पुष्पा नयाल, ग्राम प्रधान चापड़ शोभा कपिल देवी सहित ग्रामीण और संबंधित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## दर्जनों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के नौसर मंडल कार्यकर्ताओ की बैठक जंगल जोगीठेर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्क्षता ग्राम प्रधान जितेन्द्र गौतम एवं संचालन नौसेर मंडल के अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में मुख्य वक्ता के रुप मे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू भैया के समक्ष ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ग्रामवासियों को दिलाने की मांग की। ग्रामवासियों ने कहा कि भूमि का मालिकाना हक न होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र की जनता को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि जल्द ही भूमिहीनों को आवासीय पट्टे दिलवाकर मख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मध्यम से आवासीय पट्टा जारी करवाकर आवास योजना का लाभ दिलवाया जायेगा। बैठक को नगर महामंत्री मनोज वाधवा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, एसटी मोर्चा अध्यक्ष विपिन राणा महामंत्री मुन्ना राणा ने संबोधित किया।बैठक में दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सद्स्यता लेने वालों में महिला मंगल दल अध्यक्ष ममता देवी, पूर्व प्रधान पार्वती राणा, बंटी राणा, महिला मंगल दल पूर्व अध्यक्ष मुल्लो देवी, कार्नेल सिंह, बलवंत सिंह, रवि सिंह, चारण सिंह, पप्पू राणा, उमेश सिंह, सतपाल सिंह, हरि चंद, काका सिंह, कुलवंत कौर, सुंदरी देवी, मुन्नी देवी, कमलावती देवी, विनय कुमार, अरूण कुमार, संदीप सिंह, बाबूराम, जोगेंद्र प्रसाद, नवीन राणा, राजू राणा, हरप्रीत सिंह, रामदरश, आशा देवी, शेफाली देवी, लक्ष्मी देवी, कीर्ति आदि शामिल थे।



## सेवानिवृत्त होने पर पुलिस कर्मियों को दी विदाई



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। यहां पुलिस लाईन में आयोजित एक कार्यक्रम निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया, उपनिरीक्षक दूरसंचार राजीव गुरुरानी व अपर उपनिरीक्षक विजय सिंह रावत के पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई दी गयी। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल के अनुभवों को उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से साझा किया ।सीओ अल्मोड़ा सहित उपस्थित अधिकारियों द्वारा निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया के पुलिस विभाग में नियुक्त रहते हुए उनके कुशल व्यवहार, कार्यशैली, ड्यूटी के प्रति उनके अनुशासन,कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत, लगन व ईमानदारी से किये गये कार्यो की सराहना करते हुए अन्य सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों की भी कार्य कुशलता व पुलिस विभाग में उनके कार्यकाल की सराहना की गयी। इसके उपरांत विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे तीनों अधिकारियों को फूल माला पहनाकर, शॉंल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सेवानिवृत्त जीवन परिवार के साथ सुखद, शान्तिमय, स्वस्थ्य एवं दीर्घायु हो शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई समारोह में सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा सीएफओ अल्मोड़ा श्री नरेन्द्र कुंवर, निरीक्षक एलआईयू श्री कमल पाठक, निरीक्षक दूरसंचार श्री उमाशंकर पाण्डे, निरीक्षक यातायात सर्किल रानीखेत श्री राजेन्द्र सिंह रावत, उ0नि (एम) श्रीमती पुष्पा भट्ट आंकिकउनि (एम) श्री हीरा सिंह (प्रधान लिपिक), टीएसआई श्री अयूब अली, टीएसआई श्री सुमित पाण्डे सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण व सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों के परिजन मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**हर वर्ग को उचित...**फाइव से निकलकर, टॉप फाइव इकोनॉमीज में शामिल होते देखा है। भारत का निर्यात करीब 450 बिलियन डॉलर से बढ़कर 775 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। पहले की तुलना में एफडीआई दोगुना हुआ है। खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री में चार गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। बीते दशक में, सरकार ने सुशासन और पारदर्शिता को हर व्यवस्था का मुख्य आधार बनाया है। इस दौरान देश को इन्सॉल्वेंसी और बैंकरप्टी कोड मिला है। देश को जीएसटी के रूप में एक देश एक टैक्स कानून मिला है। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में लगातार सुधार हो रहा है। बीते कुछ सालों में 40 हजार से ज्यादा कॉम्प्लीकेंस हटाए या सरल किए गए हैं। कंपनी एक्ट और लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप एक्ट में 63 प्रावधानों को अपराध की सूची से बाहर किया है। सरकार का एक और बड़ा रिफॉर्म डिजिटल इंडिया का निर्माण है। आज दुनिया के कुल रियल टाइम डिजिटल लेनदेन का 46 फीसदी भारत में होता है। बीते महीने यूपीआई से रिकॉर्ड 1200 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए हैं। इसके तहत 18 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। डिजिटल के साथ-साथ फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी रिकॉर्ड निवेश हुआ है। बीते 10 साल के दौरान गांवों में पौने चार लाख किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं। नेशनल हाईवे की लंबाई, 90 हजार किलोमीटर से बढ़कर एक लाख 46 हजार किलोमीटर हुई है। सरकार आज खेती को अधिक लाभकारी बनाने पर बल दे रही है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अबतक दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये किसानों को मिल चुके हैं। 10 सालों में किसानों के लिए बैंक से आसान लोन में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने पहली बार जनजातियों में भी सबसे पिछड़ी जनजातियों की सुध ली है। उनके लिए करीब 24 हजार रुपये की पीएम जनमन योजना बनाई है। दिव्यांगजनों के लिए भी सरकार ने सुगम्य भारत अभियान चलाया है। साथ ही भारतीय सांकेतिक भाषा में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई हैं। ट्रांसजेंडर को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने और उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु भी कानून बनाया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही मेरी सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

**मनीष कुमार ऊधमसिंहनगर के ..**अब महाप्रबंधक कुमामण्डल विकास निगम बनाये गये हैं। पौड़ी की डिप्टी कलेक्टर सुश्री युक्ता मिश्रा अब उप सचिव उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून बनायी गयी है। कुमांऊ मण्डल विकास निगम के महाप्रबंधक अब्ज प्रसाद अब सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के पद पर तैनात होंगे। हल्द्वानी की सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह अब अपर निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय हल्द्वानी के पद पर स्थानांतरित की गयी हैं। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की संयुक्त सचिव श्रीमती कुश्म चौहान को डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उधम सिंह नगर के डिप्टी कलेक्टे तुषार सैनी अब डिप्टी कलेक्टर नैनीताल बनाये गये हैं। चमोली की डिप्टी कलेक्टर सुश्री कुमकुम जोशी को डिप्टी कलेक्टर देहरादून के पद पर स्थानांतरित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर अल्मोड़ा चन्द्रशेखर को डिप्टी कलेक्टर चमोली स्थानांतरित किया गया है। जबकि पिथौरागढ़ के डिप्टी कलेक्टर भगत सिंह फोनिया को रूद्रप्रयाग में इसी पद पर स्थानांतरित किया गया है।

**दबंगों ने घर का ...**मकान छोड दे। पीड़िता का आरोप है 30 जनवरी को उक्त लोग अपने साथ 10, 12 अज्ञात लडको को बुलाकर लाए और उसके घर में घुसने लगे और घर का गेट तोड दिया। उसे व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर बोलने लगे कि यहा रहने नहीं देगें। उन्होंने रात से घर से निकलने नहीं दिया। जिसके चलते सुबह अपनी बहन को बुलाया। पीड़िता ने हमलावर पड़ोसियों से जान माल का खतरा बताया है।

**ससुरालियो पर विवाहिता..** पुत्री के चेहरे पर चोट आई हुई थी, उसे देखकर साफ दिख रहा था कि रीता के साथ दहेज के कारण मार पीट कर उसके ससुराल वालो ने उसकी हत्या कर दी है। परिजनों ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की।

## ड्यूटी जाते कर्मी से झपटा मोबाईल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में ड्यूटी के लिए पैदल जा रहे कर्मी से बाईक सवार अज्ञात उचक्के मोबाईल झपट लिया और मौके से फरार हो गया। कृष्णा कालोनी वार्ड 2 निवासी मूल निवासी ग्राम कोली का मजरा तहसील सदर, रामपुर ने बताया कि वह अशोक लेलेंड में काम करता है। आज प्रातः रोज की तरह वह घर से पैदल डीडी चौक के लिए रवाना हुआ। जब वह चामुंडा मंदिर के पास पहुंचा तभी उसके पास बाईक सवार एक युवक आकर रूका और उसने उसके हाथ से मोबाईल झपट लिया और तेजी से फरार हो गया। उसने बताया कि बाईक सवार का पीछा भी किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आया।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। चौकी गूलरभोज क्षेत्र में ग्राम रामचंद्रपुर से आगे सैदलीगंज रोड ट्यूबवेल के पास रोड पर पुलिस ने सतपाल पुत्र भुकन सिंह निवासी ग्राम रामचंद्रपुर गूलरभोज को एक सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे में 28 पाउच लगभग 14 लीटर अवैध कच्ची शराब खाम के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना गदरपुर में धारा-60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कराया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गूलरभोज चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार , दयाल गिरी शामिल रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा    एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732  समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# डिप्लोमा इन्जीनियर्स संघ ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर। उत्तराखण्ड डिप्लोमा इन्जीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय कार्य कारणी द्वारा दिये गये आन्दोलन कार्यक्रम के तहत जनपद ऊधम सिंह नगर के लोक निर्माण विभाग में कार्यरत समस्त डिप्लोमा इन्जीनियर्स निणर्य न होने की दशा में आगामी 6 फरवरी से प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग देहरादून कार्यालय में जनपद वार धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मांगे पूरी ना होने पर 15 फरवरी से आम हड़ताल की घोषणा कर दी जायेगी। सहायक अभियन्ता पद पर डीपीसी सहित 9 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु आन्दोलनरत है। कार्य बहिस्कार में संघ के प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. विनोद सनवाल, प्रान्तीय संघठन सचिव इं. योगेश ततराडी, मण्डल अध्यक्ष इ. अजय टम्टा,



द्वारा आज तीसरे दिन भी अपनी 9 सूत्रीय मांगों के लेकर कार्य बहिस्कार किया गया। संघ के जनपद अध्यक्ष विनोद कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि अतिशीघ्र लम्बित मांगों पर सकारात्मक उन्होंने बताया मुख्य मांगों में डिप्लोमा इन्जीनियर्स सहायक अभियन्ता के रिक्त पदों पर पदोन्नति, समस्त कनिष्ठ अभियन्ताओं के स्थायीकरण सहित अपर सहायक अभियन्ता पद पर पदोन्नति, इ. प्रकाश पन्त, इं. जीबी भट्ट, इं. प्रकाश लाल, इं. पीसी बहुगुण, इं. हरगोविन्द सिंह, इ. संतोष कुमार, इं. पंकज राय, इं. परवेज आलम, इं. राजेश पन्तोला, इ. मनमोहन सिंह, आदि ने प्रतिभाग किया।




# थानाध्यक्षों को दिये गश्त बढ़ाने के निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजुनाथ टीसी ने मासिक अपराध गोष्ठी में जिले भर के अपराधों की समीक्षा की। उन्होंने अपराध नियंत्रण में कोताही न बरतने की हिदायत की। एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को अपने- अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा नशा तस्करों के प्रति कड़ी कार्यवाही, आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए व संवेदनशील स्थानों की लगातार चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध गोष्ठी के साथ ही पुलिस सम्मेलन में मौजूद अधिकारियों/ कर्मचारियों की निजी व पारिवारिक समस्याओं की जानकारी लेकर उनका निस्तारण भी किया गया।



# व्यापार मण्डल महामंत्री पद के लिए हरीश अरोरा ने जुटाया समर्थन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल के दो पदों के लिए हो रहे चुनाव में प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। महामंत्री पद पर मुकाबला बेहद रोचक होने के आसार है। महामंत्री पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे पूर्व महामंत्री हरीश अरोरा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें व्यापारियों का भारी समर्थन मिल रहा है। हरीश अरोरा ने बीती शाम अपने समर्थकों के साथ साथ कई प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाया। प्रचार के दौरान व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और चुनाव में अपना पूरा समर्थन देने की बात कही। इस दौरान हरीश अरोरा ने कहा कि व्यापारियों का सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है। व्यापारियों के हितों के लिए वह पूर्व में भी हमेशा तत्पर रहे हैं और भविष्य में भी तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल का यह चुनाव काफी अहम है क्यों कि जो हालात इस समय रूद्रपुर में बाजार के हैं उसके लिए सही हाथों में व्यापार मण्डल की कमान होना बहुत जरूरी है। गलत लोगों को व्यापार मण्डल में जिम्मेवारी मिली तो भविष्य में व्यापारियों को पछताना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी सोच समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।



